http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 127

प्रयागराज बुधवार 22 जनवरी 2025

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

## पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**● इस दिन राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री भी आएंगे**

नई दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। उम्मीद है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है।

### योगी ने कड़ाके की ठंड में भी आयोजित किया 'जनता दर्शन', कहा...

## तत्काल एक्शन लें अधिकारी

**● किसी के साथ अन्याय नहीं होगा जनता की समस्याओं पर तत्काल लें एक्शनः सीएम योगी**

गोरखपुर,(एजेंसी)। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल एक्शन लें। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक–एक फरियादी से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## महाकुम्भ सनातन संस्कृति और भारत की आर्ष परंपरा की दिव्यता का प्रतीक- स्वामी अवधेशानंद गिरी

महाकुम्भ नगर। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने महाकुम्भ 2025 के भव्य और सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूरि–भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना प्राचीन भारत के महान शासकों हर्षवर्धन और विक्रमादित्य से की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उन महान शासकों की परंपरा को नए युग में संवर्धित किया है। वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि प्रचंड पुरुषार्थ और संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों ने महाकुम्भ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि भारत का भविष्य योगी



आदित्यनाथ की ओर देख रहा है। भारत उनसे अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं रखे हुआ है। भारत की दृष्टि उनपर है। उनमें पुरुषार्थ और निर्भीकता है। वे अजेय पुरुष और संकल्प के धनी हैं। महाकुम्भ की विराटता, अद्भुत समागम, उत्कृष्ट प्रबंधन उनके संकल्प का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत का राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में योगी जी ने महाकुम्भ को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। आस्था का यहां जो सागर उमड़ा है, इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने बहुत श्रम किया है। चप्पे चप्पे पर उनकी दृष्टि है। स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि आज सनातन का सूर्य सर्वत्र अपने आलोक रश्मियों से विश्व को चमत्कृत कर रहा है। भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। संसार का हर व्यक्ति महाकुम्भ के प्रति आकर्षित हो रहा है। हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रबंधन और उच्च स्तरीय व्यवस्था महाकुम्भ में दिख रही है। भक्तों के बड़े सैलाब को नियंत्रित किया जा रहा है। सुखद, हरित, स्वच्छ, पवित्र महाकुम्भ उनके संकल्प में साकार हो रहा है। हम अभिभूत हैं ऐसे शासक और प्रशासक को पाकर, जिनके सत्संकल्प से महाकुम्भ को विश्वव्यापी मान्यता मिली है। यूनेस्को ने इसे सांस्कृतिक अमूर्त धरोहर घोषित किया है। यहां दैवसत्ता और अलौकिकता दिखाई दे रही है। योगी आदित्यनाथ के प्रयास स्तुत्य और अनुकरणीय हैं तथा संकल्प पवित्र हैं। विश्व के लिए महाकुम्भ एक मार्गदर्शक बन रहा है, अनेक देशों की सरकारें सीख सकती हैं कि अल्पकाल में सीमित साधनों में विश्वस्तरीय व्यवस्था कैसे की जा सकती है। महामंडलेश्वर ने महाकुम्भ को सनातन संस्कृति का जयघोष और भारत की आर्ष परंपरा की दिव्यता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व नर से नारायण और जीव से ब्रह्म बनने की यात्रा का संदेश देता है। महाकुम्भ को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिखाता है कि हम अलग अलग जाति, मत और संप्रदाय के होने के बावजूद एकता के सूत्र में बंधे हैं। उन्होंने महाकुम्भ को गंगा के तट पर पवित्रता और संस्कृति का संगम बताया। गंगा में स्नान को आत्मा की शुद्धि और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।



# सम्पादकीय

## हिंडनबर्ग रिसर्च बॉडी का बंद होना अडानी समूह के लिए राहत की बात

विवादित इक्विटी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग अचानक बंद हो गयी है। संचालन को समाप्त करते हुए, फर्म के संस्थापक और शॉर्ट–सेलर ने कहा कि यह उनके जीवन का केवल एक अध्याय था, न कि एकमात्र अध्याय। हिंडनबर्ग के बंद होने की खबर ने तुरंत भारत में राजनीतिक मोड़ ले लिया। जहां एक ओर सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा था कि हिंडनबर्ग जैसे एजंट आर्थिक आतंकवादी थे जिन्होंने भारत में मूल्यवान को नष्ट करने का काम किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी कांग्रेस ने कहा कि हिंडनबर्ग के बंद होने की इस घटना का अर्थ यह नहीं कि अडानी समूह पर भ्रष्टाचार और कदाचार के प्रयासों के सभी आरोप अब समाप्त हो गये हैं तथा समूह पाक–साफ हो गया है। हिंडनबर्ग भारत में तब चर्चा में आया जब उसने अडानी समूह की उभरती कंपनियों पर रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें कहा गया कि समूह पर भारी कर्ज का बोझ है, जिसका बैलेंस शीट में उचित प्रावधान नहीं किया गया है। अडानी पर महत्वपूर्ण सरकारी मंजूरी और अनुबंध प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने जैसे अन्य आरोप भी थे। हिंडनबर्ग के इशारे पर, अमेरिकी अधिकारियों ने अडानी समूह के मामलों की जांच शुरू की थी, क्योंकि भारतीय समूह ने अमेरिका में धन जुटाया था। अमेरिकी अधिकारी उनके भतीजे गौतम अडानी को गिरफ्तार करने के आदेश जारी करने की हद तक चले गये थे। अडानी समूह ने कुछ अमेरिकी फंड वापस करके स्थिति को पुनः प्राप्त करने की कोशिश की थी। फिर भी, पीछे हटने की कार्रवाई के बावजूद, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अडानी समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण से भारी मूल्य मिटा दिया था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले,अडानी समूह के प्रमुख प्रमोटर गौतम अडानी को मुकेश अंबानी से आगे धन की दुनिया में सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक माना जाता था। रिपोर्ट के प्रकाशन ने उनकी संपत्ति को इतना कम कर दिया कि वे नीचे गिर गये। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और निवेशकों ने अपनी इक्विटी होल्डिंग पर बड़ी रकम खो दी। हालांकि, बाद में शेयर की कीमतें पूरी तरह से ठीक हो गयीं। इस बीच, हिंडनबर्ग ने वह किया जिसे शॉर्ट सेलिंग के रूप में जाना जाता है, यानी, जब कोई निवेशक किसी शेयर की कीमत गिरने की उम्मीद करता है तो इस तरह कीमत गिरने की उम्मीद में उन्हें बेच देता है। इन निवेशकों को शॉर्ट सेलर या मंदी की स्थिति लेने वाले निवेशक कहा जाता है। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने बिल्कुल इसी तरह की स्थिति पैदा की है और आम निवेशकों को बहुत नुकसान हुआ है। हालांकि, शोध फर्म संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ–साथ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में भी जांच के घेरे में आ गयी थी। अडानी शेयरों के अलावा, शोध फर्म ने कई अन्य कंपनियों पर भी इसी तरह की रिपोर्टें प्रकाशित की थी। अमेरिकी प्रतिभूति निरीक्षण निकाय, प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने भी अपनी रिपोर्टों के माध्यम से फर्म की प्रथाओं और बाजार में हेरफेर की जांच शुरू कर दी थी। संभवतरू, इन सभी जांचों के दबाव में और आगे के खुलासों की प्रत्याशा में, फर्म ने अपने परिचालन को बंद करने का फैसला किया। हिंडनबर्ग भी भारी संकटग्रस्त मुद्रा व्यापारी जॉर्ज सोरोस के साथ अपने संबंधों के कारण जांच के घेरे में था। जैसे ही हिंडनबर्ग बंद होने की रिपोर्टें सामने आयीं, अडानी समूह के कर्मचारियों और निवेशकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। कुछ ने तो यहां तक कहा कि अडानी समूह की अजेयता की स्थिति सही साबित हुई। हालांकि, कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने इस बात पर जोर देने का बीड़ा उठाया कि इसका मतलब अडानी समूह को क्लीन चिट नहीं है। समूह भारतीय बाजार में कई आरोपों का सामना कर रहा है। कुछ की जांच सेबी द्वारा की जा रही है। भारत सरकार और उसकी जांच एजंसियों को यह सुनिश्चित करने में उचित काम करना चाहिए कि अडानी समूह की कंपनियां बाजार के सिद्धांतों का पालन करें और अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए शेयरों की कीमतों में हेरफेर न करें। भारत के लोग विदेशी एजंसियों की रिपोर्टों से प्रभावित होते हैं क्योंकि उन्हें सेबी जैसी भारतीय एजंसियों की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर संदेह है। यह खत्म होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अडानी समूह को उसकी नियामक एजंसियों से किसी भी अन्य भारतीय कंपनी की तरह ही समान व्यवहार मिले। कोई वरीयता नहीं।

## कांग्रेस: विश्वासघातियों का फोटो लगाने से अच्छा संदेश नहीं

शकील अख्तर



कांग्रेस का नया भवन अच्छा है लेकिन पार्टी इसे जो अपना भविष्य बनाने वाले और सब कुछ बदल देने वाले कारनामे की तरह पेश कर रही है यह खतरनाक है। भवनों से सफलता नहीं मिलती। समस्याएं खत्म नहीं होती। उनसे तो लड़ना पड़ता है। पहचान की स्टेज तक तो पहुंच गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नवंबर में दिल्ली में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में सब कुछ बता दिया कि पार्टी की हालत क्या है। भयंकर गुटबाजी है। रणनीति का अभाव है, संगठन नहीं है। और भी बहुत कुछ। कहा कि कठोर निर्णय लेना पड़ेंगे। जवाबदेही तय करना पड़ेगी। हम जब आपस में ही एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं तो विरोधियों को कैसे हरा पाएंगे? राहुल गांधी ने भी कहा कि सख्ती से काम लीजिए। कड़े एक्शन लीजिए। तो यह समस्याओं की पहचान तो सही ढंग से हो गई। उसके बाद बेलगावी की एक और सीडब्ल्यूसी भी हो गई। अब समस्याओं के समाधान का समय है। संगठन के पुनर्निर्माण का। इन सब का हल नए भवन से नहीं मिलेगा। हर बड़ी पार्टी का दिल्ली में अपना मुख्यालय है। भाजपा के तो दो एक मुख्यालय, एक उसका एक्सटेंशन। सीपीएम, सीपीआई, बसपा सबके अपने आफिस हैं। कांग्रेस का तो सबसे बाद में बना है। और शायद इसलिए वह खुशी भी ज्यादा प्रकट कर रही है। ठीक है। बुरे समय में खुशी का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहिए। मगर उसे इलाज नहीं समझ लेना चाहिए। यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि इंदिरा भवन लोकतंत्र की रक्षा और सजग विपक्ष की भूमिका निभाने को तैयार। पार्टी की ऐतिहासिक विरासत का प्रतिबिम्ब इसमें देखना। पार्टी की विरासत बहुत बड़ी चीज है। आजादी के आन्दोलन का नेतृत्व करने के मौके से लेकर भारत के नवनिर्माण तक। मगर यह समझने की और इसके विचार लोगों तक लगातार पहुंचाते रहने की जरूरत है। विरासत के नाम पर नेताओं के फोटो लगाने से पार्टी का मैसेज कहीं नहीं जाएगा। और उन नेताओं के फोटो जिन्होंने पार्टी के साथ गद्दारी की हो लगाने से उल्टा मैसेज और चला जाएगा। वीपी सिंह जिन्होंने बोफोर्स के झूठे आरोप लगाकर राजीव गांधी की सरकार ही पलट दी थी– का फोटो या सोनिया गांधी राहुल पर झूठे आरोप लगाने वाले गुलाम नबी आजाद का फोटो लगाकर कांग्रेस अपने वफादार नेताओं और कार्यकर्ताओं को क्या संदेश दे रही है? कि गद्दारी करोगे तो हमेशा याद रखे जाओगे। सम्मान मिलता रहेगा? लोग सफाई में कह रहे हैं कि इतिहास नहीं बदला जा सकता। फोटो कोई इतिहास होता है? 139 साल पुरानी पार्टी के पास इतिहास को बदल देने वाले लाखों फोटो हैं। दुनिया का भूगोल बदल देने वाले भी। उनमें आजाद और वीपी सिंह की तस्वीरों की क्या प्रासंगिकता है। किसी एक ग्रुप में साथ हैं बस यह! या तो कोई ऐसा फोटो हो जो एक मात्र हो। यह तो ऐसे हैं जिस नेचर को हजारों हजार फोटो हैं। राजीव गांधी के साथ वीपी का। और सोनिया राहुल प्रियंका के साथ आजाद का। किसे दिखाना चाह रहे हो आप? राजीव, सोनिया, प्रियंका, राहुल के तो बहुत फोटो हैं उन नेताओं के साथ जो जीवन भर पार्टी के लिए समर्पित रहे। वीपी और आजाद के साथ राजीव सोनिया राहुल प्रियंका को दिखाने का क्या मैसेज है?

कांग्रेस के इन फैसलों को कोई नहीं समझ सकता। लेकिन यह स्पष्ट है कि इससे वफादार कार्यकर्ताओं और नेताओं में गलत संदेश जाता है। अब लोग कहने लगे हैं कि हरियाणा में पार्टी को हराने वाले नेताओं को चिन्ता करने की कोई जरूरत नहीं। वीपी और आजाद के फोटो लगाकर पार्टी ने बता दिया है कि नुकसान पहुंचाने वालों से पार्टी नाराज नहीं होती है बल्कि उनका सम्मान कायम रहता है या और बढ़ता है।

चिन्ता समर्पित कार्यकर्ताओं को करने की जरूरत है जो हरियाणा और महाराष्ट्र की हार के बाद हुई दिल्ली सीडब्ल्यूसी और बेलगावी सीडब्ल्यूसी में कहे गए वचनों पर भरोसा करने लगे थे। दिल्ली के बाद बेलगावी में तो खरगे ने एक कदम और आगे बढ़ाकर यहां तक कहा था कि पार्टी अच्छे मेहनती लोगों को ढूंढकर संगठन में जगह देगी। कांग्रेस को यह समझना जरूरी है कि इस समय उसका मुकाबला उन मोदी से है जिन्होंने सारी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। बस केवल एक राहुल बचे हुए हैं। जो हथियार डालने को तैयार नहीं है। जो बात उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा से पहले कही थी कि कोई चले या न चले में अकेला जाऊंगा। उस पर आज तक कायम हैं। और न केवल कायम हैं बल्कि एक कदम आगे बढ़कर अभी दिल्ली में कांग्रेस चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए सीलमपुर में यहां तक कह दिया कि जब तक मैं जिन्दा हूं कोई किसी कमजोर को गरीब को छू नहीं सकता। राहुल को देश नहीं समझ रहा यह शिकायत जायज है। मगर खुद कांग्रेस नहीं समझ रही इसका क्या इलाज है? राहुल संगठन के आदमी नहीं हैं। वे सीधे जनता से जुड़ने वाले आदमी हैं। बहुत मुश्किल से महासचिव बने थे। फिर उपाध्यक्ष। फिर अध्यक्ष। यह कहते हैं परिवार सब पर अपना कब्जा रखना चाहता है। यह राजनीतिक बयान है। परिवार को राहुल को दबाव में लाने के लिए जनता में भ्रम पैदा करने के लिए। राहुल चाहते तो सीधे प्रधानमंत्री भी बन सकते थे। और अगर वे 2009 के बाद कभी भी बन जाते तो इतनी सीटों से ज्यादा तो कांग्रेस की आ ही जातीं। 2014 चुनाव से पहले कांग्रेस हार मान चुकी थी। राहुल होते तो लड़ते। और अगर कांग्रेस थोड़ा सा भी लड़ते दिखती तो उसकी सौ से कम सीटें को किसी भी हालत में नहीं आतीं। इमरजेन्सी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 2014 से पहले तक के चुनावों में सबसे कम सीटें मिली थी। 154। मगर 2014 में तो वह केवल 44 पर आ गई। लेकिन राहुल कुछ नहीं बने। पद और दिखावटी प्रतिष्ठा में उनकी रूचि नहीं रही। 2017 में भी पार्टी के दबाव में अध्यक्ष बने मगर केवल डेढ़ साल रहे। 2019 में इस्तीफा दे दिया। राहुल क्या कर सकते हैं। यह उन्होंने बता दिया। एक जन नेता की तरह पार्टी और देश को निर्भय नेतृत्व। यह मैसेज अपने बोलने, जनता के बीच लगातार रहने से वे दे चुके हैं। राहुल किसी से नहीं डरता। जनता का जो भी दुखी परेशान है राहुल उनके साथ खड़ा है। और कोई किसी जाति, धर्म, गरीब, मध्यमवर्गीय किसी वर्ग का हो राहुल को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हर पीड़ित उनके लिए समान है और यही बात सीलमपुर में कही थी कि जब तक जिन्दा हूं किसी के साथ कोई अत्याचार नहीं होने दूंगा।

यह राहुल की ताकत और उनकी जनता में छवि है। इसी के अनुरूप कांग्रेस को उनके प्रोग्राम बनाना चाहिए। संविधान, जाति गणना, 50 प्रतिशत से ऊपर आरक्षण के मुद्दों को वे स्थापित कर चुके हैं। कांग्रेस को इसी के आसपास अपनी उस रणनीति को बनाना चाहिए जिसका जिक्र खरगे ने दिल्ली सीडब्ल्यूसी में किया था। अब काम खरगे का और कांग्रेस के बाकी नेताओं का है कि वे जल्दी से जल्दी पार्टी संगठन के काम को पूरा करें। उन लोगों को बाहर करें जो राज्यों की विधानसभाओं की हार के सीधे जिम्मेदार हैं। कम से कम तीन राज्यों हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश के नेताओं ने तो सीधे–सीधे कांग्रेस को डूबोया है। इन सबको बाहर करने की जरूरत है। रणनीति बनाना, ट्रेनिंग, यह सब बाद की चीजें हैं। पहला नेतृत्व दिखाना। सामने खरगे ही हैं। उन्हीं को करना पड़ेगा। सलाह चाहे जिस से लें। मगर संगठन को जल्दी से जल्दी पूरा बनाना पड़ेगा। नए आफिस में जगह दे दी है। क्या जरूरत थी। पुराने में अकबर रोड वाले पर ही कौन बैठता है? नए आफिस में जब नए लोग आते थे उन्हें बिठाना था। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आफिस में बैठना शुरू नहीं किया है। दो साल से ज्यादा हो गए अध्यक्ष बने। दफ्तर में बैठना और लोगों से मिलने का सबसे ज्यादा असर होता है। कांग्रेस के काम बहुत हैं। 11 साल से बहुत सुस्त रफ्तार में पार्टी चल रही है। नए आफिस को बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं। मगर यह भी 2009 में शुरू हुआ था 2025 में बन पाया। 16 साल बहुत होते हैं।

## महाकुंभ, पर्यावरण और सनातनी समाधान... उम्मीद है थैला और थाली अभियान परिवारों तक पहुंचेगा

**❍ महाकुंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 'एक थैला–एक थाली' अभियान पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान दे रहा है। प्रयागराज महाकुंभ में अपनाए जाने वाले पर्यावरण सम्मत अभिनव अनुष्ठानों की मिसाल दुनिया में आने वाली कई सदियों तक दी जाएगी।**

विवेक एस अग्रवाल



यह महाकुंभ अनेकानेक मायनों में अद्वितीय और अनुकरणीय भी है। इसके तमाम पक्षों में जहां प्रबंधन, सुरक्षा, विशालता, भव्यता इत्यादि की हर ओर चर्चा है, वहीं यहां अपनाए जाने वाले पर्यावरण सम्मत अभिनव अनुष्ठानों की मिसाल भी दुनिया में आने वाले कई वर्षों या सदियों तक दी जाएगी। इन नवाचारों का उद्देश्य यह है कि विश्व के सबसे बड़े समागम में सूखे एवं गीले कचरे के साथ–साथ किसी भी प्रकार के तरल कचरे की या तो उत्पत्ति ही न हो और यदि हो, तो उसका समुचित निराकरण भी किया जाए। महाकुंभ में आ रहे करोड़ों लोगों में कुछ तो पूरी अवधि के लिए यहां रुके हैं, तो कुछ एक या दो दिन के लिए। मिसाल के तौर पर अगर यह माना जाए कि 40 करोड़ लोग मात्र एक दिन के लिए महाकुंभ में आए हुए हैं, तो वे औसतन 250 ग्राम प्रति व्यक्ति कचरा उत्पन्न करेंगे। पूरे आयोजन के दौरान लगभग एक लाख मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होगा, जो कि यह कचरा प्रयागराज में सृजित होने वालेछह से आठ माह के कुल कचरा उत्पादन के बराबर है। इस आयोजन के कचरे को एकत्र करने के लिए जहां विपुल संसाधनों की आवश्यकता रहेगी, वहीं इसका निष्पादन करने के लिए भी कम से कम दो लाख वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता होगी। यह ज्ञात तथ्य है कि कचरे का एकत्रीकरण, परिवहन और निष्पादन सभी स्तरों पर अपरिमित कार्बन उत्सर्जन करता है, जो कि मानवता के लिए खतरा भी है। लेकिन इस बार का पर्यावरणसम्मत महाकुंभ विश्व को भारत की स्वच्छता की दृष्टि से सनातनी परंपरा की व्यापकता के रूप में पुख्ता जवाब देगा।

## उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है

झारखंड के लातेहार जिले में बालूमाथ और बारियातू के इलाके दो किस्म के टमाटर की खेती के लिए मशहूर हैं–एक है मोटे छिलके वाला गुलशन जिसका इस्तेमाल सब्जी विशेष तौर पर सलाद के रूप में किया जाता है। वहीं सलेक्शन नामक किस्म के टमाटर के छिलके की परत नरम होती है। इसका इस्तेमाल सब्जी, चटनी और टोमैटो कैचअप के लिए किया जाता है। कुछ साल पहले तक टमाटर की लाली यहां के किसानों के गालों पर भी लाली लाती थी, लेकिन इस साल हालत यह है कि फसल तो बंपर हुई लेकिन लागत तो दूर, तोड़ कर मंडी तक ले जाने की कीमत तक नहीं निकल रही। रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदग्गा में जिन किसानों ने टमाटर उगाए या फिर पत्ता या फूल गोभी या फिर पालक, वे ट्रैक्टर से रौंद कर अपनी खड़ी फसल खुद ही चौपट कर रहे हैं। गोभी के दाम हैं दो से चार रु पये तो टमाटर के हैं दो रु पये। इतने में तुड़ाई भी निकलती है, फिर मंडी तक कौन ले जाए। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के हरवाई गांव में सुर्ख लाल टमाटर की फसल पर रोटवेलर चला कर गेहूं बोए जा रहे हैं। यहां किसानों ने 15 हजार रु पये बीघा पर खेत किराये पर लिए, फिर टमाटर बोए। पिछले महीने तो 400 रुपये क्रेट (25 किलो) एक बार बिका। फिर दाम 60 से 100 रु पये क्रेट गिर गए। अब 30 रु पये क्रेट तुड़ाई, 15 रु पये मंडी के पल्लेदार को, फिर परिवहन। आखिर, किसान कितना घाटा सहे! मध्य प्रदेश के बड़वानी में टमाटर मवेशी खा रहे हैं। दिल्ली और उसके आसपास भले ही बाजार में टमाटर के दाम 40 रुपये किलो हों लेकिन टमाटर उगाने के लिए मशहूर देश के विभिन्न जिलों में टमाटर कूड़े में पड़ा है। छत्तीसगढ़ के टमाटर किसान तो जलवायु परिवर्तन की अजब मार झेल रहे हैं, और उन्हें फसल खेत में नष्ट करनी पड़ रही है। दुर्ग जिले में पहले तो चक्रवाती तूफान के चलते कोई 15 दिन बदली हुई, फिर अचानक जाड़ा बढ़ गया। इससे टमाटर तेजी से पकने लगे। जब पके टमाटर की आवक ज्यादा हुई तो दाम गिर गए। यहां प्रायरू इतनी ठंड पड़ती नहीं। अब टमाटर समय से पहले पक रहे हैं, न तोड़ो तो गिर जाते हैं। मजबूर किसान फसल नष्ट कर रहा है। करीबी राज्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के हालात भी अलग नहीं हैं। यहां मेडक के शिवमपेट में टमाटर की तैयार फसल को आग लगाने की सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। विदित हो टमाटर 15–27 डिग्री के बीच के तापमान में सबसे अच्छे से उगते हैं तथा इसके लिए माकूल औसत मासिक तापमान 21–23 होता है।


**महाकुम्भ मेला 2025**

विशेष रेलगाड़ियों का संचालन, अतिरिक्त ठहराव एवं बहाली

**1- गाड़ी सं. 04719/04720 श्री गंगानगर-बरौनी एवं गाड़ी संख्या 07381/07382 एस.एस.एस. हुब्बल्लि-टूण्डला कुंभ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

| गाड़ी संख्या - 04719 | | | गाड़ी संख्या - 04720 | |
|---|---|---|---|---|
| श्री गंगानगर - बरौनी | | | बरौनी - श्री गंगानगर | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 15:35 | श्री गंगानगर | 14:30 | ..... |
| 06:48 | 06:50 | बाँदीकुई | 01:30 | 01:32 |
| 08:40 | 08:45 | भरतपुर | 23:20 | 23:25 |
| 09:50 | 09:55 | आगरा फोर्ट | 21:25 | 21:30 |
| 11:25 | 11:30 | टूण्डला | 20:15 | 20:20 |
| 12:38 | 12:40 | इटावा | 17:43 | 17:45 |
| 15:30 | 15:35 | गोविन्दपुरी | 15:40 | 15:45 |
| 16:40 | 16:42 | फतेहपुर | 12:38 | 12:40 |
| 19:05 | 19:10 | प्रयागराज | 11:15 | 11:20 |
| 21:18 | 21:20 | मिर्ज़ापुर | 09:05 | 09:07 |
| 09:00 | ..... | बरौनी | ..... | 23:00 |

- श्री गंगानगर से गाड़ी संख्या 04719 दिनांक 21.02.2025
- बरौनी से गाड़ी संख्या 04720 दिनांक 23.02.2025

गाड़ी संरचना : वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 01, स्लीपर श्रेणीः 05, सामान्य श्रेणीः 15

| गाड़ी संख्या - 07381 | | | गाड़ी संख्या - 07382 | |
|---|---|---|---|---|
| एस.एस.एस. हुब्बल्लि - टूण्डला | | | टूण्डला - एस.एस.एस. हुब्बल्लि | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ----- | 20:10 | एस.एस.एस. हुब्बल्लि | 18:40 | ----- |
| 09:00 | 09:02 | मानिकपुर | 06:38 | 06:40 |
| 11:10 | 11:15 | प्रयागराज | 01:05 | 01:10 |
| 12:30 | 12:32 | फतेहपुर | 21:08 | 21:10 |
| 15:40 | 15:45 | गोविन्दपुरी | 20:00 | 20:05 |
| 17:03 | 17:05 | इटावा | 17:25 | 17:27 |
| 20:15 | ----- | टूण्डला | ----- | 16:20 |

- एस.एस.एस. हुब्बल्लि से गाड़ी संख्या 07381 दिनांक 06.02.2025 (गुरूवार)
- टूण्डला से गाड़ी संख्या 07382 दिनांक 09.02.2025 (रविवार)

गाड़ी संरचना : स्लीपर श्रेणी : 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 01

**2- गाड़ी संख्या 08425/08426 भुवनेश्वर-टूण्डला महाकुंभ विशेष रेलगाड़ी का चाईबासा रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव**

| तिथि से प्रभावी | | गाड़ी सं. 08425 (भुवनेश्वर-टूण्डला) | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08426 (टूण्डला-भुवनेश्वर) | | तिथि से प्रभावी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्टेशन से | चाईबासा स्टेशन पर ठहराव | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | प्रारम्भिक स्टेशन से | चाईबासा स्टेशन पर ठहराव |
| 22.01.25 | 22.01.25 | 19:50 | 19:55 | डांगोवा-पोसी | 00:25 | 00:30 | 24.01.25 | 24.01.25 |
| | | 20:45 | 20:50 | चाईबासा | 23:35 | 23:40 | | |
| | | 22:50 | 22:52 | चाण्डिल | 22:43 | 22:45 | | |

**3- कोहरे के मौसम एवं महाकुंभ 2025 के कारण दिनांक 26.02.2025 तक पूर्व में निरस्त निम्नलिखित रेलगाड़ियों की बहाली**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | दिन | तिथि से प्रभावी |
|---|---|---|---|---|
| 09065 | सूरत | छपरा | सोमवार | 03.03.2025 से आगे तक |
| 09066 | छपरा | सूरत | बुधवार | 05.03.2025 से आगे तक |
| 09451 | गांधीधाम | भागलपुर | शुक्रवार | 28.02.2025 से आगे तक |
| 09452 | भागलपुर | गांधीधाम | सोमवार | 03.03.2025 से आगे तक |
| 09447 | अहमदाबाद | पटना | बुधवार | 05.03.2025 से 25.06.2025 तक |
| 09448 | पटना | अहमदाबाद | शुक्रवार | 07.03.2025 से 27.06.2025 तक |
| 09465 | अहमदाबाद | दरभंगा | शुक्रवार | 28.02.2025 से 27.06.2025 तक |
| 09466 | दरभंगा | अहमदाबाद | सोमवार | 03.03.2025 से 30.06.2025 तक |

ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App. या वेबसाइट www.railmadad.Indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. 1800 4199 139 | उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 140/25(AS)

## मैं सनातन बोर्ड के पक्ष में नहीं।



महाकुंभ नगर। सरकार का मंदिर से नियंत्रण मुक्त होना चाहिए। सनातन से संत समाज को क्या लाभ होगा। सनातन बोर्ड बनने से मंदिर और जमीन पर सरकार का अधिपत्य हो जाएगा। जो कि उचित नहीं है। हमारी मांग है कि वर्तमान में ऐसे किसी भी बोर्ड को स्वरूप में लाने की आवश्यकता नहीं है। मैं सनातन बोर्ड के पक्ष में नहीं हूं। इससे संत समाज के ऊपर प्रश्न चिह्न लगाने वाली बात है। उक्त बाते स्वामी अन्नत गिरी जी वामदेव वृंदावन ने कही उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड संत समाज को कोई विशेष लाभ नहीं होने वाला।

## अधोक्षजानंद देवतीर्थ की आरती उतारी।

महाकुंभ नगर। अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चौनामीन ने गोवध



र्न मठ पुरी पीठ शंकराचार्य के कुम्भनगर स्थित शिविर पहुचे, आद्य शंकराचार्य की चरण पादुकाओं का पूजन कर मठ के 145 वें शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज की आरती उतारी परसुरामकुण्ड का जल, चांदी से बना हुआ भगवान परसुराम का फर्सा एवं शंख भेंट किया। उन्होंने शिविर में रात्रि विश्राम किया। संगम स्नानकर शिविर में चल रहे महायज्ञ में विधिवत पूजा अनुष्ठान किया , दण्डी स्वामियों को भोजन कराया। अरुणाचल विधान सभा सदस्य जिगनू नामचुंग, राज्य भाजपा कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता मौजूद रहे।

# सनातन की एकता और समता का विश्व संदेश दे रहा है महाकुम्भ



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ की समस्त दिव्यता दृ भव्यता उसमें आने वाले संतों,महात्माओं और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से संभव है। महाकुम्भ में आये परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरु चिदानंद सरस्वती जी का कहना है कि महाकुम्भ भारतीयता का महापर्व है, सनातन आस्था को मानने वालों का इससे बड़ा कोई महोत्सव नहीं है। महाकुम्भ कुछ का नहीं सबका महोत्सव है, जिस उत्साह और जोश में लोग महाकुम्भ में भाग लेने आ रहे हैं, संगम के सब तट आस्थावान लोगों से भरे हुए हैं। ऐसा नजारा पूरे विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलता। ये सनातन के उत्कर्ष का महापर्व है और सनातन को उसके उच्चतम् शिखर पर ले जाने का कार्य करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती ने कहा कि वो 1971 से महाकुम्भ में सम्मिलित होते रहे हैं। लेकिन जैसी दिव्य और भव्य व्यवस्था प्रयागराज के इस महाकुम्भ में है ऐसी पहले कभी नहीं देखी। महाकुम्भ के इस महाआयोजन के लिए उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का ऐसा भव्य आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अद्भुत आयोजन को देख कर सभी लोग आह्लादित और उत्साहित हैं। देश ही नहीं विश्व के कोने–कोने से आये भक्त और पर्यटक महाकुम्भ की आभा, यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा को देख कर यहां बार–बार आना चाह रहे हैं। महाकुम्भ से सनातन की एकता, सरसता का जो संदेश विश्व में जा रहा है अन्यत्र संभव नहीं है। जब मैंने संगम तट पर स्नान किया तो लोगों में भरे हुए उत्साह को देखकर पूरी तरह गौरवान्वित था। ऐसा दिव्य–भव्य, अद्भुत नजारा, देश–दुनिया के कोने–कोने से लोग आ कर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं। सनातन के उत्कर्ष को देख कर सभी आश्चर्यचकित हैं। यहां तक कि सीमा पार पाकिस्तान, बंग्लादेश से लेकर बहरीन, अरब के लोग देख कर न केवल हैरान हो रहे हैं बल्कि कई तो खुद महाकुम्भ में शामिल होने आना चाह रहे हैं। लोगों को बांटने वाले देखें कि कैसे सभी जाति, पंत, भाषा बोलने वाले एक साथ संगम स्नान कर रहे हैं। महाकुम्भ सनातन की एकता का महापर्व है।

# काशी में खिली धूप, लोगों को मिली राहत

वाराणसी। वाराणसी में सोमवार सुबह मौसम साफ और तेज धूप रहने से लोगों को राहत मिली। मौसम में हुए इस बदलाव के कारण 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 6.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग ने इस सप्ताह ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है। पिछले दो–तीन दिन से मौसम में तेजी से उलटफेर हुआ है। रविवार को सुबह कोहरा छाया रहा और हवा में नमी के साथ शाम को भी गलन रही। सोमवार को अचानक मौसम बदल गया। अन्य दिनों की तुलना में अधिक धूप रहने से हर कोई अपने छत पर धूप सेंकता नजर आया। साथ ही शाम को भी ठंड का अहसास नहीं हुआ। रविवार को अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस था जो कि सोमवार को बढ़कर 26.8 हो गया। न्यूनतम तापमान 8.5 से बढ़कर 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि इस सप्ताह ऐसे ही मौसम के साफ रहने और ठंड से राहत मिलने के आसार हैं।

## इविवि– ईकैवो में छात्रों का वार्षिक पैकेज में चयन

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सेन्टर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी



में एमएससी. फूड टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए ऑन कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमे सेन्टर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी के इतिहास में सबसे अधिक पैकेज ईकैवो एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड ने किया। जिसमे अविनाश कुमार एवं अंकिता रानी को आर – डी एक्जीक्यूटिव के पद पर 6 लाख प्रतिवर्ष के वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया। हरिओम तिवारी, श्रुति तिवारी और तनुश्री मिश्रा को विभिन्न विभागों में क्रमशः 3.5, 3.25 एवं 2.40 लाख वार्षिक पैकेज दिया गया। फूड टेक्नोलॉजी के प्लेसमेंट इकाई के प्रभारी इं. सलमान हाशमी ने बताया कि दिसंबर माह में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में पांच कंपनियों ने भाग लिया जिसमें सबसे अधिक पैकेज ईकैवो एग्रो डेली प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिया गया। बीएमएस ऑर्गेनिक ने 8 छात्रों का चयन 3.5 लाख के वार्षिक पैकेज पर किया। राजेश मसाले ने दो छात्रों का चयन 3 लाख के वार्षिक पैकेज पर किया। प्राइम फूड्स ने दो छात्रों को 2.4 लाख के वार्षिक पैकेज पर तथा फेयरलैब्स ने 30 छात्रों का ऑन द जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम में चयन किया। सेंटर ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर नीलम यादव ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी।

## राजयोग से ईश्वरीय शक्तियों का संचार होता है– पीठाधीश्वर श्रीरामदास

महाकुंभ नगर। चौतन्य देवियों के स्वरूप में विराजमान बाल ब्रह्मचारिणी कन्या ही वास्तव में शिव की शक्ति हैं। इनसे कलियुग में दुर्गुण का विनाश हो सतयुग समाज की स्थापना होगी। राजयोग से जीवन में ईश्वरीय शक्तियों का संचार होगा। उक्त बाते दंदरौआ धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीरामदास जी महाराज ने ब्रह्माकुमारीज पंडाल स्थित झांकी में मुख्य अतिथि के रूप में कही। यह भारत का प्राचीन राजयोग है।

इससे आत्मा सशक्त होती है। आंतरिक बुराइयों का विनाश हो हमारे में सतोप्रधानता का प्रसार होता है। ब्रह्माकुमारीज क्षेत्रीय संयोजिका एवं मेला प्रभारी मनोरमा दीदी ने संतों का स्वागत किया। महंत श्रीदादू राम जी महाराज, महंत श्रीद्वारका दास जी महाराज, करण दास जी महाराज, महंत श्रीमस्तराम साधु जी, महंत श्रीराजकुमार दास जी उपस्थित रहे।

## वैश्विक आतंकवाद, समाधान भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में पर व्याख्यान।

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा ष्वैश्विक आतंकवाद – समाधान भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य मेंष विषय पर



व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हम लोग जहां हैं, वह कुम्भ का क्षेत्र है और आज महाकुम्भ है, जो 144 वर्षों के उपरांत लगा है। इसमें लोग जगह जगह घूमकर लोगों के विचार मंथन सुनने का काम कर रहे हैं। यहां से जो विचार आएगा, उस विचार पर यदि विचार करेंगे तो वही आतंकवाद का समाधान है। प्रधानमंत्री ने एक बात बहुत अच्छी कही कि एक हैं तो सेफ हैं। हमें अपनी एकता को बनाने की आवश्यकता है। हम मजबूती के साथ खड़े हों। हर वक्ता अपने विचारों को रखते हुए इस बात को जरूर कहेगा।

## मोबाइल और नकदी छीनकर भागे बाइक सवार, केस

मुहम्मदाबाद गोहना। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव में रविवार की शाम लगभग 7रू30 बजे बाइक सवार बदमाशों ने युवक से मोबाइल और नकदी छीनकर भाग गए। युवक की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को दो अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज किया है। डंगौली गांव निवासी सुधीर गोंड द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार वो रविवार की शाम भगवानपुर गांव में अपने दोस्त से मिलने जा रहा था। बापू हरिजन प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर के पास पहुंचा था, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाश रोककर धमका कर एंड्रायड मोबाइल और पांच हजार रुपये छीन लिए। शोर करते हुए बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच किया लेकिन बदमाशों का पता नहीं चला।

## छात्रों को बेकाबू कार ने मारी टक्कर, लोगों ने पकड़ा

हलधरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलौझा गांव के पास सोमवार की दोपहर स्कूल से घर जा रही दो छात्राओं को कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद भाग रहे कार चालक को लोगों ने पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हलधरपुर थाना क्षेत्र के मऊ कुबेर निवासी अंजली 12 और उसी गांव की खुशबू चौहान कक्षा सात की छात्रा हैं। कई दिन बाद स्कूल खुलने पर वह दोनों गांव के बाहरी छोर पर बने स्कूल से वापस अपने घर जा रही थीं। उसी समय नदवा सराय से विलौझा जा रही ऑल्टो कार ने दोनों छात्राओं को पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों घायल हो गई। घायलों को रतनपुरा सामुदायिक केंद्र लाकर भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।





उद्योगपति गौतम अदानी महाकुम्भ मेला क्षेत्र स्थित श्री बड़े हनुमान जी मंदिर में दर्शन एवं पूजा के बाद भोजन वितरित करते हुए

## आरटीआई में नहीं मिला कॉन्फ्रेंस में 32 लाख के खर्च का ब्योरा, सूचना आयुक्त से शिकायत

वाराणसी। बीएचयू के एक वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस में 32 लाख के खर्च का ब्योरा न देने पर मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) से शिकायत की गई है। धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए आयोजकों पर पेनाल्टी लगाने की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि दो दिन के कॉन्फ्रेंस में आने वाले कुछ स्पीकर को छोड़कर अधिकतर मेहमानों ने रहने और आने जाने का खर्च खुद वहन किया। 455 लोगों ने दो बार लांच, दो ब्रेक फास्ट और एक बार डिनर में इतना खर्च कर दिया। कॉन्फ्रेंस के 11 महीने बाद भी उसका ब्योरा क्यों नहीं दिया जा रहा है। आरटीआई से जियोफिजिक्स विभाग आलोक शुक्ला ने पूछा है कि 6 और 7 मार्च, 2024 को जीएसडब्ल्यू कॉन्फ्रेंस किया गया था। आरटीआई का पहला जवाब मिला कि ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है। फर्स्ट अपील करने पर बताया कि खर्च का ब्योरा नहीं है। बिल विचाराधीन है। इसके बाद इसकी शिकायत सीआईसी से की गई है। आरटीआई में ये भी पूछा गया है कि 2022 में कार्यशाला वृतिका में पांच छात्रों पर डेढ़ लाख खर्च करना था। प्रति छात्र 30 हजार रुपये से छात्रों को क्या दिया गया। इसका संतोषजनक जवाब नहीं आया है।

## दुकान के सामने सड़क घेर कर लोग खड़े दिखे तो दर्ज कराएंगे एफआईआर

वाराणसी। गिरजाघर से गोदौलिया मार्ग की बायीं लेन पर सोमवार की देर शाम काशी चाट भंडार के सामने सड़क पर लोगों के खड़े होने के कारण आवागमन व्यवस्था बाधित थी। इसे लेकर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. एस चनप्पा ने दुकान के संचालक को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। कहा कि दोबारा दुकान के सामने सड़क पर आपके ग्राहकों के कारण आवागमन बाधित हुआ तो दशाश्वमेध थाने में मुकदमा दर्ज कराएंगे। काशी चाट भंडार के कारण रोजाना शाम से रात तक गिरजाघर से गोदौलिया मार्ग की बायीं लेन पर जाम सरीखा नजारा रहता है। काशी जोन के पुलिस अफसरों और कर्मियों के साथ अपर पुलिस आयुक्त पैदल गश्त पर निकले थे। सड़क पर आवागमन व्यवस्था बाधित देख कर वह काशी चाट भंडार के संचालक पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि दुकान के संचालन का मतलब यह नहीं है कि पूरी सड़क जाम कर दें। ग्राहकों के बैठने और वाहन खड़े होने की उचित व्यवस्था करना आपकी जिम्मेदारी है। ग्राहक सड़क पर खड़े होकर आवागमन में किसी भी सूरत में बाधक न बनें। सड़क आमजन के चलने के लिए है।

# हेलमेट नहीं पहनने पर काशीवासियों ने भरा 22 लाख जुर्माना

### – 26 जनवरी से हेलमेट बिना तेल नहीं, परिवहन विभाग ने जारी किया आदेश

### – लहुराबीर और मलदहिया में बढ़ी हेलमेट की बिक्री, स्टॉक फुल

वाराणसी। सुरक्षित सफर के लिए दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है। हालांकि, काशी में बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों की संख्या ज्यादा है। तमाम जागरूकता के बावजूद काशी में हर माह 10 से 20 हजार वाहनों का चालान हेलमेट नहीं लगाने पर हुआ है। यातायात पुलिस के अनुसार 500–1000 रुपये जुर्माना भर दे रहे हैं लेकिन हेलमेट नहीं पहन रहे। साल 2024 में 3,28,591 वाहनों का चालान हुआ और 22.10 लाख रुपये जुर्माना सिर्फ हेलमेट नहीं पहनने वालों से वसूला गया।

सड़क हादसे की रोकथाम के लिए परिवहन विभाग ने 26 जनवरी से हेलमेट अनिवार्य कर दिया है। पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के किसी भी दोपहिया वाहन सवार को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह आदेश परिवहन विभाग की ओर से पेट्रोल पंप संचालकों को जारी किया जा चुका है। 26 जनवरी के बाद से परिवहन और यातायात पुलिस की ओर से इसकी बराबर निगरानी होगी। इसे देखते हुए शहर के मोटर पार्ट्स दुकानों पर हेलमेट के स्टॉक आने शुरू हो गए हैं। लहुराबीर और मलदहिया में थोक के भाव में शहर के अन्य क्षेत्रों के व्यापारी विभिन्न कंपनियों के हेलमेट खरीदना शुरू किए हैं।

## धनराशि की वसूली की गई।

प्रयागराज। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी के नेतृत्व में



जोनल कार्यालय कटरा, अल्लापुर, टीपी नगर, खुल्दाबाद, नैनी(अटल बिहारी वाजपेई नगर), मुटठीगंज क्षेत्र में वसूली की कार्यवाही के अंतर्गत प्रस्तावित थी। मंगलवार को सभी जोन कार्यालय के अन्तर्गत गृहकर वसूली के दौरान 50 भवनों से कुर्की की कार्यवाही के दौरान बकायेदारों से धनराशि रुपए 18 लाख रुपए की वसूलयाबी की गई। वसूली कार्यवाही में कर अधीक्षक दिलीप श्रीवास्तव, जया सिंह, सुधा दिक्षित, सुनील शेखर, झम्मन सिंह एवं राकेश कुमार उपस्थित रहे। ।

## राममय से अमृत की प्राप्ति– आचार्य सतानंद जी महाराज

महाकुंभ नगर। कर्तव्य पथ परिवार के द्वारा महाकुंभ मेले के सेक्टर 16 हर्षवर्धनमार्ग के कर्तव्य पथ शिविर में आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस पर कथा का व्याख्यान करते हुए आचार्य सतानंद महाराज ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सम्पूर्ण राष्ट्र को अलौकिक करेगा और कहा कि राम को जानना है भारत के पुण्य भूमि पर आना होगा और राम को पाना है तो स्वयं के अंदर अपने आप को भक्ति के रंग से मत ना होगा तब जाकर राम मय अमृत की प्राप्ति होगी।



## आभूषण की दुकान से आठ लाख के गहने लेकर भाग गए

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के सिरीहरा बाजार में सोमवार की दोपहर आभूषण की एक दुकान से एक छोटा बॉक्स लेकर बाइक सवार दो उचक्के भाग गए। दुकानदार के अनुसार बॉक्स में आठ लाख रुपये के सोने के आभूषण थे। दोनों उचक्के पंजाबी में आपस में बात कर रहे थे।

सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062